विनोद कुमार
उपायुक्त
के०वि०स० रायपुर संभाग

Vinod Kumar
Deputy Commissioner
KVS RO Raipur

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केंद्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANAGATHAN
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत निकाय)
(Autonomous body under Education ministry, GOI)
क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर
REGIONAL OFFICE - RAIPUR
दूरभाष :0771-2262912(DC)
वेबसाइट- www.roraipur.kvs.gov.in
ई-मेल -dckvsrorpr@gmail.com

5 सितम्बर 2021

प्रिय शिक्षकगण,

गुरुर्ब्रह्मा ग्रुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ॥

आज 5 सितम्बर को मैं समस्त शिक्षक साथियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ समर्पित करता हूँ | जैसाकि सर्वविदित है कि भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डा० सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस 5 सितम्बर को हम सब शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं | यह दिवस सभी शिक्षकों, गुरुओं के योगदान को याद करने एवं उन्हें उचित सम्मान देने के प्रतिरूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है |

हम सभी के जीवन को उचित दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने में शिक्षकों का सर्वश्रेष्ठ स्थान है | आज इस पावन दिवस पर मैं, आप सभी शिक्षकों को विशेष रूप से याद करना चाहता हूँ एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन में आपके अथक एवं सतत योगदान की सराहना करता हूँ | आज जब देश अपनी आजादी की 75 वीं वर्षगाँठ "आजादी का अमृत महोत्सव " मना रहा है, तो हम सभी का पुनीत दायित्व है कि अपने विद्यार्थियों एवं देश के भावी पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ भारत की महान विरासत, विविध संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम में अपने तन-मन-धन की आहुति देने वाले महान पुरुषों के योगदान से भी परिचित करायें | विद्यार्थियों में संस्कार एवं मूल्यपरक शिक्षा के प्रति जागरूकता लायें |

कोविड- 19 के इस कठिन दौर में आप सभी का स्वयं को तकनीकी तौर पर सशक्त करते हुए विद्यार्थियों की अकादमिक आवश्यकताओं के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोबल को बनाये रखना वास्तव में अत्यन्त सुखद एवं सराहनीय अनुभव रहा है | भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत के संकल्प के तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अपना विशेष योगदान प्रदान कर देश के युवा विद्यार्थियों को सशक्त करें | मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण करने में सफल होंगें |

एक बार पुनः आप सभी को शिक्षक-दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ |

विनोद कुमार
उपायुक्त